विवरण

सहरसा जिले के गांवों में डाकघर खोलने के सम्बन्ध में अनिर्णीत पड़े हुए प्रस्तावों की सूची :

| क्रम सं० | गांव का नाम | अभ्यावेदन प्राप्त होने की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | कोसाली पट्टी | 21-2-77 |
| 2 | चौराहा | 29-12-73 |
| 3 | मलहोद | 12-2-77 |
| 4 | चकला निर्माली | 29-8-73 |
| 5 | बलहोमपुर | 30-9-75 |
| 6 | शेखपुर चमन | 3-6-75 |
| 7 | मोहनपुर | 18-2-76 |
| 8 | नारायणपुर | 3-12-76 |
| 9 | फूलपुर | 10-11-76 |
| 10 | तिलूहा | 23-11-76 |
| 11 | खारा तेलवा | 22-9-76 |
| 12 | रामपुर खोरा | 28-1-77 |
| 13 | सोमरसा टोला | 1-2-77 |
| 14 | जोंपहा | 3-3-76 |
| 15 | शाकहुवा | 29-6-77 |
| 16 | मेनहा खादीपुर | 29-9-77 |
| 17 | वोदलहाटा | 11-2-77 |
| 18 | सिंगार | 1-9-77 |
| 19 | सितलपुर | 27-9-77 |
| 20 | बलहा | 31-8-77 |
| 21 | चन्दा | 29-9-77 |
| 22 | कोरापट्टी | 14-2-77 |
| 23 | लालचन्द | 7-2-77 |
| 24 | मोरिशा | 12-4-77 |
| 25 | कुल्लीपट्टी | 8-2-77 |
| 26 | शकपहारपुर | 28-6-77 |
| 27 | भूरा | 16-8-77 |

**बंगलादेश से शरणार्थियों का आगमन**

632. श्री विजय कुमार मल्होत्रा :
श्री के० एन० दास गुप्ता :
श्री समर गुह :
श्री ईश्वर चौधरी :
श्री के० मालन्ना :
श्री डी० बी० चन्द्र गौडा :
श्री सी० के० चन्द्रप्पन :
श्री एम० कल्याणसुन्दरम :
श्री नवाब सिंह चौहान :
श्री लक्ष्मी नारायण नायक :
श्री सी० आर० महाटा :
श्री राज केशर सिंह :
श्री दिलीप चक्रवर्ती :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत 6 महीनों में भारत में बंगलादेश से कितने शरणार्थी आये;

(ख) उनके भारत में आने के क्या कारण हैं; और

(ग) इन कारणों को दूर करने के लिए भारत सरकार क्या प्रयत्न कर रही है ?

**विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेई)** : (क) बंगला देश से भारत में आने वाले बंगलादेशी राष्ट्रिकों या तो ऐसे लोग हैं जो वैध दस्तावेज पर आते हैं या ऐसे लोग हैं जो अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते हैं। इसलिए उन्हें शरणार्थी नहीं माना जाता। भारत-बंगलादेश की लम्बी सीमा तथा सीमा के साथ लगने वाले इलाके के स्वरूप के कारण बंगलादेश से अवैध प्रवेशकर्ताओं की ठीक-ठीक संख्या जानना नितांत कठिन है। फिर भी, हमारे पास उपलब्ध आकड़ों के अनुसार, पिछले

वर्ष की इसी अवधि की तुलना में, इस वर्ष भारत आने वालों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं है।

(ख) इस अवैध प्रव्रजन के अनेक कारण हैं जिनमें आर्थिक संकट, उन लोगों द्वारा किये गये झूठे वायदे शामिल हैं जिन्होंने इसे अपना व्यवसाय आदि बना लिया हैं।

(ग) देश के बाहर प्रव्रजन की रोक तथा उसके उचित सुधार के लिए कदम उठाने की मुख्य जिम्मेदारी बंगलादेश की है। भारत सरकार अपनी ओर से पूरी सीमा पर कड़ी निगरानी रख रही है तथा इस प्रकार के प्रव्रजन को निरुत्साहित करने के लिए संगत नियमों तथा विनियमों को कड़ाई से लागू कर रही है।

**कलकत्ता में टेलीफोन कनेक्शनों के लिये लम्बित आवेदन पत्र**

633. **श्री एम० ए० हनान अलहाज :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कलकत्ता में टेलीफोन कनेक्शनों के लिए कितने आवेदन-पत्र लम्बित पड़े हैं; और

(ख) टलीफोन कनेक्शनों की व्यवस्था न कर सकने के क्या कारण हैं तथा आवेदकों को टेलीफोन कनेक्शन शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए क्या-क्या कदम उठाये जा रहे है ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव सई ) :** (क) 30–9–77 को कलकत्ते में टेलीफोन कनेक्शनों के लिए बकाया अर्जियों की संख्या 27760 थी। इनमें से 1409 ओ० वाई० टी० श्रेणी में, 1657 विशेष श्रेणी में और बाकी सामान्य श्रेणी में दर्ज हैं।

(ख) दूर संचार विकास के लिए धन और सामग्री के सीमित साधन उपलब्ध होने के कारण बड़े शहरों में टेलीफोन की अद्यतन मांगें पूरी करना संभव नहीं हो सका है। आशा है कि चालू और आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान कलकत्ते में 30–9–77 को बकाया मांगों में से अधिकांश प्रतिशत मांगें पूरी कर दी जाएगी।

**Gifting of Purifying Tablets to Flood-hit Villages by Church's Auxiliary for Social Action**

634. SHRI G. Y. KRISHNAN: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the Church's Auxiliary for Social Action (CASA) has gifted a million water purifying tablets for distribution in the flood-hit villages; and

(b) if so, the names of the countries which have helped India in gifting medicines for flood-hit areas?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI JAGDAMBI PRASAD YADAV): (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

**Memorandum from the Employees of G.S.I.**

635. SHRI SAMAR GUHA: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether his Ministry have recently received a Memorandum from the Employees Union of Geological Survey of India;